# हिन्दी

**HINDI**

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

---

**निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

## खंड - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

हिन्दू नववर्ष चैत्रमास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होता है। यह माना जाता है कि सृष्टि की रचना इसी तिथि को हुई थी। यह हिंदुओं का नववर्ष है। अत: अनेक प्रकार के धार्मिक आयोजन होते है। चैत्र मास की नवमी को भगवान राम का जन्म हुआ था। जिसे रामनवमी के रूप में मनाते है। जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म भी इसी माह में त्रयोदशी को हुआ था। जैन धर्म के लोग महावीर जयंती मनाते है और रथ यात्राएँ निकालते हैं।

क) हिन्दू नववर्ष कब शुरू होता है?

ख) इस दिन के बारे में क्या माना जाता है?

ग) भगवान राम का जन्म कब हुआ था?

घ) महावीर स्वामी का जन्म कब हुआ था?

ङ) धार्मिक शब्द का विलोम लिखिए।

## खंड - ख

प्रश्न 2. i) किन्हीं तीन शब्दों के अर्थ लिखिए : 3 x 1 = 3

क) जगत

ख) समुद्र

ग) सहेली

घ) दिनकर

ङ) जाँच

च) तरुवर

ii) किन्हीं चार मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 4 x 1 = 4

क) उड़ती चिड़िया पहचानना

ख) उन्नीस बीस का अंतर होना

ग) आँखे दिखाना

घ) उलटी गंगा बहाना

ङ) आसमान से बातें करना

च) ईंट का जबाब पत्थर से देना

iii) किन्हीं दो अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2 x 1 = 2

क) उसके पास बहुत पैसा है।

ख) घर पर सब ठीक-ठाक होंगे।

ग) शाहरुख ने कहानी सुनाया।

घ) वहाँ नहीं बैठो।

iv) किन्हीं दो अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए : 2 x 1 = 2

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| गुरू | |
| गृहणी | |
| घरोंदा | |
| इकठठा | |

क) कोयल

ख) जेवर

ग) हाथ

घ) तालाब

ङ) दीन

च) हृदय

vi) किन्हीं तीन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 3 x 1 = 3

क) विशुद्ध

ख) विषम

ग) विद्‌वान

घ) सहयोग

ङ) कर्म

च) कठिनाई

vii) किन्हीं दो वाक्यों रचना के आधार पर भेद लिखो : 2 x 1 = 2

क) मैं आठवी कक्षा में पढ़ता हूँ।

ख) सुबह हुई और चिड़ियाँ चहचहाने लगी।

ग) यह वही लड़का है जो कल दौड़ में प्रथम आया था।

घ) मैं व्यस्त थी इसलिए समारोह में न आ पाई।

viii) किन्हीं दो वाक्यों में वाच्य का सही भेद चुनिए - 2 x 1 = 2

क) लड़कियाँ नहीं चलती।

ख) बच्चे से सोया नहीं जाता।

ग) दादी द्‌वारा मंदिर जाया जाता है।

घ) मुझसे खेला नहीं जाता।

निर्देशानुसार कीजिए : 2 x 1 = 2

1. अजय बहन से बहुत प्यार करता है। (सार्वनामिक विशेषण)
2. **समाज** में रहते हुए सामाजिक बंधन नहीं त्याग सकते। (रंगीन शब्द का विशेषण दिए गए वाक्य में पहचानिए)

x) निम्नलिखित वाक्यों में विराम - चिहन लगाकर वाक्य पुन: लिखिए : 2 x 1 = 2

1. अरे राम कोई तो इसे बचाओ
2. मुझे दालचावल पसंद हैं

## खंड - ग

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 4 = 8

1. काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?
2. मराठी से अनूदित इस नाटक का शीर्षक 'पापा खो गए' क्यों रखा गया होगा? अगर आपके मन में कोई दूसरा शीर्षक हो तो सुझाइए और साथ में कारण भी बताइए।

प्रश्न 4. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखो : 3 x 3 = 9

1. सिंधु और ब्रह्मपुत्र की क्या विशेषताएँ बताई गयी हैं?
2. कठपुतली को अपने पाँव पर खड़ी होने की इच्छा है, लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती?
3. माधवदास क्यों बार बार चिड़िया-से कहता है कि यह बगीचा तुम्हारा ही है? क्या माधवदास निःस्वार्थ मन से ऐसा कह रहा था? स्पष्ट कीजिए।
4. मिठाईवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

प्रश्न 5. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 x 2 = 8

1. हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?
2. दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गयी थी?
3. शाम का दृश्य अपने घर की छत या खिड़की से देखकर बताइए -
   क) शाम कब से शुरू हुई?
   ख) तब से लेकर सूरज डूबने में कितना समय लगा?
   ग) इस बीच आसमान में क्या-क्या परिवर्तन आए?
4. क्या आपने या आपकी जानकारी में किसी ने कभी कोई पक्षी पाला? उसकी देखरेख किस प्रकार की जाती होगी, लिखिए।
5. नदियों को माँ मानने की परंपरा हमारे यहाँ काफ़ी पुरानी है। लेकिन लेखक नागार्जुन उन्हें और किन रूपों में देखते हैं?

प्रश्न 6. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 5 x 1 = 5

क) 'अपूर्व अनुभव' वास्तव में किस भाषा में लिखी गई कहानी है?
ख) चिड़िया माँ के पास ही क्यों गई?
ग) सूरज डूबते ही क्या हुआ?
घ) बच्चे उठानेवाला कोई और काम क्यों नहीं करना चाहता था?
ङ) पेड़ का स्वभाव कैसा था?
च) एनीमिया क्यों होता है?
छ) 'कठपुतली' शब्द का क्या अर्थ है?
ज) लेखक ने सतलुज को क्या माना है?

प्रश्न 7. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : 5 x 1 = 5

नगर भर में दो-चार दिनों से एक मुरलीवाले के आने का समाचार फैल गया। लोग कहने लगे - "भाई वाह! मुरली बजाने में वह एक ही उस्ताद है। मुरली बजाकर, गाना सुनाकर वह मुरली बेचता भी है सो भी दो-दो पैसे भला, इसमें उसे क्या मिलता होगा। मेहनत भी तो न आती होगी!"

क) मधुर तान में गाकर खिलौने बेचने वाला आया है
ख) मधुर तान में गाकर मुरलियाँ बेचने वाला आया है
ग) मधुर तान में गाकर मिठाईयाँ बेचने वाला आया है
घ) इनमें से कोई नहीं

2. मुरलीवाले के बारे में लोग क्या कहते थे?
क) उसका कंठ बहुत सुरीला था
ख) वह मुरली बजाने में उस्ताद है
ग) वह सुंदर है
घ) इनमें से कोई नहीं

3. मुरली का दाम क्या था?
क) दो-दो पैसे
ख) चार-चार पैसे
ग) तीन पैसे
घ) इकन्नी

4. उसके द्वारा सस्ती मुरलियाँ बेचने पर लोग क्या सोचते थे?
क) क्या लाभ कमाता होगा
ख) मूर्ख है
ग) घाटा होगा
घ) बहुत लाभ कमाता है

5. मुरलीवाला सस्ती मुरलियाँ क्यों बेचता था?
क) गलती से
ख) नाम कमाने
ग) वह बच्चों को खुश करना चाहता था
घ) ग्राहक बनाने

प्रश्न 8. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए : 5 x 1 = 5

नीड़ न दो, चाहे टहनी का
आश्रय छिन्न-भिन्न कर डालो,
लेकिन पंख दिए हैं तो
आकुल उड़ान में विघ्न न डालो।

1. उपर्युक्त पद्यांश में पक्षियों की क्या चाहत है?
   क) उड़ान में विघ्न न डालने की
   ख) घोंसला बनाने की
   ग) आराम करने की
   घ) गाने की

2. घोंसला न मिलने पर भी पक्षी कैसे खुश रहेंगे?
   क) टहनी पर रहकर
   ख) ऊँची उडान भरकर
   ग) स्वतंत्र रहकर
   घ) प्रकृति का अंश बनकर

3. 'आकुल उड़ान' शब्द से क्या तात्पर्य है?
   क) व्याकुल उड़ान
   ख) सुंदर उड़ान
   ग) लंबी उड़ान
   घ) उड़ने की अधीरता

4. पक्षी मनुष्य से क्या अनुनय करते हैं?
   क) धैर्य धरने की
   ख) प्रतीक्षा करने की
   ग) उन्हें स्वतंत्र रूप से उड़ने दो, उनकी उडान में किसी प्रकार की बाधा न डालो

5. पक्षियों को किस प्रकार खुशी प्रदान की जा सकती है?
   क) दाने डालकर
   ख) घोंसला बनाकर
   ग) उन्हें उनकी मनचाही ऊँचाई तक उड़ान भरने की
   घ) उड़ने की

**खंड - घ**

प्रश्न 9. सत्संगति - इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5

प्रश्न 10. माताजी की बीमारी की सूचना अपनी बहन को पत्र द्‌वारा दीजिए। 5

# हिन्दी
## HINDI

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

---

**निर्देश :**

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खंड - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

हिन्दू नववर्ष चैत्रमास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होता है। यह माना जाता है कि सृष्टि की रचना इसी तिथि को हुई थी। यह हिंदुओं का नववर्ष है। अत: अनेक प्रकार के धार्मिक आयोजन होते है। चैत्र मास की नवमी को भगवान राम का जन्म हुआ था। जिसे रामनवमी के रूप में मनाते है। जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म भी इसी माह में त्रयोदशी को हुआ था। जैन धर्म के लोग महावीर जयंती मनाते है और रथ यात्राएँ निकालते हैं।

क) हिन्दू नववर्ष कब शुरू होता है?

उत्तर : हिन्दू नववर्ष चैत्रमास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होता है।

ख) इस दिन के बारे में क्या माना जाता है?

उत्तर : इस दिन के बारे में माना जाता है कि सृष्टि की रचना इसी तिथि को हुई थी।

उत्तर : भगवान राम का जन्म चैत्र मास की नवमी को हुआ था।

घ) महावीर स्वामी का जन्म कब हुआ था?

उत्तर : महावीर स्वामी का जन्म भी चैत्र माह में त्रयोदशी को हुआ था।

ङ) धार्मिक शब्द का विलोम लिखिए।

उत्तर : धार्मिक x अधार्मिक

## खंड - ख

प्रश्न 2. i) किन्हीं तीन शब्दों के अर्थ लिखिए : 3 x 1 = 3

क) जगत - संसार

ख) समुद्र - सागर

ग) सहेली - सखी

घ) दिनकर - सूर्य

ङ) जाँच - छानबीन

च) तरुवर - वृक्ष

ii) किन्हीं चार मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 4 x 1 = 4

क) उड़ती चिड़िया पहचानना - अर्जुन इतना अनुभवी है कि उसे उड़ती चिड़िया पहचानने में देर नहीं लगती।

ख) उन्नीस बीस का अंतर होना - अमर और कौशिक की पहचान कर पाना बहुत कठिन है, क्योंकि दोनों में उन्नीस बीस का ही अंतर है।

ग) आँखे दिखाना - भाई से मैंने सच बातें कह दी, तो वह मुझे आँख दिखाने लगा।

घ) उलटी गंगा बहाना - हमारी पड़ोसन किसी से प्रेम से बात कर ले, तो उलटी गंगा बह जाए।

बनने लगी है,जो आसमान से बातें करती है।

च) ईंट का जबाब पत्थर से देना - भारतीय सैन्य दल अपने दुश्मनों को ईंट का जबाब पत्थर से देगा।

iii) किन्हीं दो अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2 x 1 = 2

क) उसके पास बहुत पैसा है।

उत्तर : उसके पास बहुत पैसे हैं।

ख) घर पर सब ठीक-ठाक होंगे।

उत्तर : घर में सब ठीक-ठाक होंगे।

ग) शाहरुख ने कहानी सुनाया।

उत्तर : शाहरुख ने कहानी सुनाई।

घ) वहाँ नहीं बैठो।

उत्तर : वहाँ मत बैठो।

iv) किन्हीं दो अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए : 2 x 1 = 2

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| गुरू | गुरु |
| गृहणी | गृहिणी |
| घरोंदा | घरौंदा |
| इकठठा | इकट्ठा |

v) किन्हीं तीन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 3x1=3

क) कोयल - कोकिला, पिक

ख) जेवर - गहना, अलंकार

ग) हाथ - हस्त, कर

घ) तालाब - सरोवर, जलाशय

ङ) दीन - ग़रीब, दरिद्र

च) हृदय - छाती, वक्ष

vi) किन्हीं तीन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 3 x 1 = 3

क) विशुद्ध x दूषित

ख) विषम x सम

ग) विद्वान x मूर्ख

घ) सहयोग x असहयोग

ङ) कर्म x निष्कर्म

च) कठिनाई x सरलता

vii) किन्हीं दो वाक्यों रचना के आधार पर भेद लिखो : 2x1 = 2

क) मैं आठवी कक्षा में पढ़ता हूँ। - सरल वाक्य

ख) सुबह हुई और चिड़ियाँ चहचहाने लगी। - संयुक्त वाक्य

ग) यह वही लड़का है जो कल दौड़ में प्रथम आया था। - मिश्रित वाक्य

घ) मैं व्यस्त थी इसलिए समारोह में न आ पाई। - संयुक्त वाक्य

viii) किन्हीं दो वाक्यों में वाच्य का सही भेद चुनिए - 2x1 = 2

क) लड़कियाँ नहीं चलती। - कर्तृवाच्य

ख) बच्चे से सोया नहीं जाता। - भाववाच्य

ग) दादी द्वारा मंदिर जाया जाता है। - कर्मवाच्य

घ) मुझसे खेला नहीं जाता। - कर्तृवाच्य

ix) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार कीजिए : 2 x 1 = 2

1. अजय बहन से बहुत प्यार करता है। (सार्वनामिक विशेषण)

   उत्तर : अजय <u>अपनी</u> बहन से बहुत प्यार करता है।

2. **समाज** में रहते हुए सामाजिक बंधन नहीं त्याग सकते। (रंगीन शब्द का विशेषण दिए गए वाक्य में पहचानिए)

   **उत्तर : समाज** में रहते हुए <u>सामाजिक</u> बंधन नहीं त्याग सकते।

x) निम्नलिखित वाक्यों में विराम - चिहन लगाकर वाक्य पुन: लिखिए : 2 x 1 = 2

1. अरे राम कोई तो इसे बचाओ
   अरे राम ! कोई तो इसे बचाओ।

2. मुझे दालचावल पसंद हैं
   मुझे दाल-चावल पसंद हैं।

**खंड - ग**

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 4 = 8

1. काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है?
   उत्तर : नदियाँ युगों-युगों से मानव जीवन के लिए कल्याणकारी रहीं है। ये युगों से एक माँ की तरह हमारा भरण-पोषण करती है। इनका जल भूमि की उर्वराशक्ति बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाता है। इसलिए नदियाँ माता के समान पवित्र एवं कल्याणकारी है। मानव नदी को दूषित करने के में कोई कसर नहीं छोड़ता परंतु इसके बावजूद भी अपार दुःख सहकर भी इस प्रकार का कल्याण केवल माता ही कर सकती है। अत: काका कालेलकर ने नदियों की माँ समान विशेषताओं के कारण उन्हें लोकमाता का दर्जा दिया है।

2. मराठी से अनूदित इस नाटक का शीर्षक 'पापा खो गए' क्यों रखा गया होगा? अगर आपके मन में कोई दूसरा शीर्षक हो तो सुझाइए और साथ में कारण भी बताइए।
   उत्तर : लड़की को अपने पापा का नाम-पता कुछ भी मालूम नहीं था। कहानी के सभी पात्र मिलकर उसके पापा को खोजने की योजना बनाते हैं। इसी कारण इस नाटक का नाम 'पापा खो गए' रखा गया होगा।

इसका अन्य शीर्षक 'लापता बच्ची' भी रखा जा सकता है क्योंकि इस नाटक में पूरे समय इसी बच्ची के घर का पता लगाने का प्रयास किया जाता है।

प्रश्न 4. किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखो : 3 x 3= 9

1. सिंधु और ब्रह्मपुत्र की क्या विशेषताएँ बताई गयी हैं?

उत्तर : सिंधु और ब्रह्मपुत्र हिमालय की दो ऐसी नदियाँ हैं जिन्हें ऐतिहासिकता के आधार पर पुल्लिंग रूप में नद भी माना गया है। इन्हीं दो नदियों में सारी नदियों का संगम भी होता है। प्राकृतिक और भौगोलिक दृष्टि से भी इनकी महत्ता है। कहा जाता है कि ये दो ऐसी नदियाँ हैं जो दयालु हिमालय की पिघले हुए दिल की एक-एक बूँद से निर्मित हुई हैं। इनका रूप विशाल और विराट है। इनका रूप इतना लुभावना है कि सौभाग्यशाली समुद्र भी पर्वतराज हिमालय की इन दो बेटियों का हाथ थामने पर गर्व महसूस करता है।

2. कठपुतली को अपने पाँव पर खड़ी होने की इच्छा है, लेकिन वह क्यों नहीं खड़ी होती?

उत्तर : कठपुतली अपने पाँव पर खड़ी होना चाहती है अर्थात् पराधीनता उसे पसंद नहीं लेकिन खड़ी नहीं होती क्योंकि उसके पैरों में स्वतंत्र रूप से खड़े होने की शक्ति नहीं है। स्वतंत्रता के लिए केवल इच्छा ही नहीं क्षमता की भी आवश्यकता होती है जो कठपुतली में नहीं है।

3. माधवदास क्यों बार बार चिड़िया-से कहता है कि यह बगीचा तुम्हारा ही है? क्या माधवदास निःस्वार्थ मन से ऐसा कह रहा था? स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : माधवदास का बार-बार चिड़िया से यह कहना कि यह बगीचा तुम्हारा ही है यह दर्शाता है कि उन्हें वह चिड़िया बड़ी प्यारी

थे।

माधवदास का यह कहना पूरी तरह से निःस्वार्थ मन से नहीं कहा गया था क्योंकि चिड़िया को देखने के पश्चात अब वे उस चिड़िया को अपने बगीचे में अपनी मन-संतुष्टि के लिए रखना चाहते थे।

4. मिठाईवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था?

उत्तर : बच्चे एक ही चीज से उकता न जाएँ इसलिए वह बच्चों की पसंद आने वाली अलग-अलग चीजें बदल-बदलकर बेचता था। दूसरा वह महीनों बाद इसलिए आता था ताकि उसकी चीजों में बच्चों की उत्सुकता बनी रहे और उसे पैसों का कोई लालच भी न था क्योंकि वह तो केवल अपने मन की संतुष्टि लिए बच्चों की मनपसंद चीज़ें बेचा करता था।

प्रश्न 5. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 x 2 = 8

1. हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?

उत्तर : पक्षी के पास पिंजरे के अंदर वे सारी सुख सुविधाएँ है जो एक सुखी जीवन जीने के लिए आवश्यक होती हैं, परन्तु हर तरह की सुख-सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद नहीं रहना चाहते क्योंकि उन्हें बंधन नहीं अपितु स्वतंत्रता पसंद है। वे तो खुले आकाश में ऊँची उड़ान भरना, बहता जल पीना, कड़वी निबौरियाँ खाना ही पसंद करते हैं।

2. दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गयी थी?

उत्तर : दादा की मृत्यु के पश्चात् लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब होने का कारण उनके पिताजी व भैया द्‌वारा धन का

सही उपयोग न किया जाना था। ग़लत मित्रों की संगति से सारा धन नष्ट कर डाला। दादा के श्राद्ध में भी दादी माँ के मना करने पर भी लेखक के पिताजी ने अपार संपत्ति व्यय की।

3. शाम का दृश्य अपने घर की छत या खिड़की से देखकर बताइए -
   क) शाम कब से शुरू हुई?
   ख) तब से लेकर सूरज डूबने में कितना समय लगा?
   ग) इस बीच आसमान में क्या-क्या परिवर्तन आए?
   उत्तर : क) शाम करीब 6 बजे शुरू हुई।
   ख) तब से लेकर सूरज डूबने में करीब एक घंटे का समय लगा।
   ग) इस बीच आसमान का रंग लाल और कुछ देर बाद पीले रंग में परिवर्तित हो गया और कुछ देर बाद सूरज आसमान से गायब हो गया और चारों ओर अँधेरा छा गया।

4. क्या आपने या आपकी जानकारी में किसी ने कभी कोई पक्षी पाला? उसकी देखरेख किस प्रकार की जाती होगी, लिखिए।
   उत्तर : एक बार एक घायल कबूतर हमारे घर आ गया। जिसकी हमने देखभाल की और उसके ठीक होने के बाद वह हमारे साथ ही रहने लगा। सब घरवालों के लिए वह कौतूहल का विषय बन गया था। हम सब घरवाले एक नन्हें बच्चे की तरह उसकी देखभाल करते थे। उसे रोज नहलाया जाता। उसके खाने-पीने का बराबर ख्याल रखा जाता। इस प्रकार से हम अपने पक्षी का पूरा ख्याल रखते थे।

5. नदियों को माँ मानने की परंपरा हमारे यहाँ काफ़ी पुरानी है। लेकिन लेखक नागार्जुन उन्हें और किन रूपों में देखते हैं?

उत्तर : नदियों को माँ मानने की परंपरा भारतीय संस्कृति में अत्यंत पुरानी है। नदियों को माँ का स्वरुप तो माना ही गया है लेकिन लेखक नागार्जुन ने उन्हें बेटियों, प्रेयसी व बहन के रूपों में भी देखते है।

प्रश्न 6. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 5 x 1 = 5

क) 'अपूर्व अनुभव' वास्तव में किस भाषा में लिखी गई कहानी है?

उत्तर : 'अपूर्व अनुभव' वास्तव में जापानी भाषा में लिखी गई कहानी है।

ख) चिड़िया माँ के पास ही क्यों गई?

उत्तर : चिड़िया माँ के पास ही गई क्योंकि वह उसके लिए सबसे अधिक सुरक्षित स्थान था।

ग) सूरज डूबते ही क्या हुआ?

उत्तर : सूरज डूबते ही चारों ओर अंधकार हुआ।

घ) बच्चे उठानेवाला कोई और काम क्यों नहीं करना चाहता था?

उत्तर : बच्चे उठानेवाला कोई परिश्रम का काम नहीं करना चाहता था इसीलिए उसे यही काम सही लगता था।

ङ) पेड़ का स्वभाव कैसा था?

उत्तर : पेड़ का स्वभाव मिलनसार था।

च) एनीमिया क्यों होता है?

उत्तर : रक्त में लाल कणों की कमी से एनीमिया होता है।

छ) 'कठपुतली' शब्द का क्या अर्थ है?

उत्तर : 'कठपुतली' शब्द का अर्थ है - काठ की पुतली।

ज) लेखक ने सतलुज को क्या माना है?

उत्तर : लेखक ने सतलुज को बहन माना है।

प्रश्न 7. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : 5 x 1 = 5

नगर भर में दो-चार दिनों से एक मुरलीवाले के आने का समाचार फैल गया। लोग कहने लगे - "भाई वाह! मुरली बजाने में वह एक ही उस्ताद है। मुरली बजाकर, गाना सुनाकर वह मुरली बेचता भी है सो भी दो-दो पैसे भला, इसमें उसे क्या मिलता होगा। मेहनत भी तो न आती होगी!"

1. नगर भर में क्या समाचार फैल गया?
   क) मधुर तान में गाकर खिलौने बेचने वाला आया है
   ख) <u>मधुर तान में गाकर मुरलियाँ बेचने वाला आया है</u>
   ग) मधुर तान में गाकर मिठाईयाँ बेचने वाला आया है
   घ) इनमें से कोई नहीं

2. मुरलीवाले के बारे में लोग क्या कहते थे?
   क) उसका कंठ बहुत सुरीला था
   ख) <u>वह मुरली बजाने में उस्ताद है</u>
   ग) वह सुंदर है
   घ) इनमें से कोई नहीं
3. मुरली का दाम क्या था?
   क) <u>दो-दो पैसे</u>
   ख) चार-चार पैसे
   ग) तीन पैसे
   घ) इकन्नी

4. उसके द्वारा सस्ती मुरलियाँ बेचने पर लोग क्या सोचते थे?
   क) <u>क्या लाभ कमाता होगा</u>
   ख) मूर्ख है

घ) बहुत लाभ कमाता है

5. मुरलीवाला सस्ती मुरलियाँ क्यों बेचता था?

क) गलती से

ख) नाम कमाने

ग) <u>वह बच्चों को खुश करना चाहता था</u>

घ) ग्राहक बनाने

प्रश्न 8. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए : 5x1 = 5

नीड़ न दो, चाहे टहनी का
आश्रय छिन्न-भिन्न कर डालो,
लेकिन पंख दिए हैं तो
आकुल उड़ान में विघ्न न डालो।

1. उपर्युक्त पद्यांश में पक्षियों की क्या चाहत है?

क) <u>उड़ान में विघ्न न डालने की</u>

ख) घोंसला बनाने की

ग) आराम करने की

घ) गाने की

2. घोंसला न मिलने पर भी पक्षी कैसे खुश रहेंगे?

क) टहनी पर रहकर

ख) <u>ऊँची उडान भरकर</u>

ग) स्वतंत्र रहकर

घ) प्रकृति का अंश बनकर

3. 'आकुल उड़ान' शब्द से क्या तात्पर्य है?

क) व्याकुल उड़ान

ख) सुंदर उड़ान

ग) लंबी उड़ान

घ) <u>उड़ने की अधीरता</u>

4. पक्षी मनुष्य से क्या अनुनय करते हैं?

क) धैर्य धरने की

ख) प्रतीक्षा करने की

ग) <u>उन्हें स्वतंत्र रूप से उड़ने दो, उनकी उड़ान में किसी प्रकार की बाधा न डालो</u>

घ) मैत्रीभाव रखने का

5. पक्षियों को किस प्रकार खुशी प्रदान की जा सकती है?

क) दाने डालकर

ख) घोंसला बनाकर

ग) <u>उन्हें उनकी मनचाही ऊँचाई तक उड़ान भरने की</u>

घ) उड़ने की

प्रश्न 9. सत्संगति - इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5

सत्संगति

सत्संगति अर्थात अच्छों आचरण वाले लोगों की संगति। मनुष्य की संगति ही उसके व्यक्तित्व निर्माण को प्रभावित करती है। इसी लिए प्राचीन समय से धर्मग्रंथ तथा संत लोग मनुष्य को सत्संगति के लिए प्रेरित करते आए हैं।

कबीर तन पंछी भया, जहां मन तहां उडी जाइ।
जो जैसी संगती कर, सो तैसा ही फल पाइ।।

यह सच है कि मनुष्य जिन लोगों के साथ उठता बैठता है उनके स्वभाव और गुणों का उन पर प्रभाव पड़ता है। संत के साथ रहकर मानव कल्याण की बात और चोर के साथ रहकर चोरी जैसे अवगुण की बात सीखने मिलती है। अच्छी संगति हमारे अंदर के संत को और बुरी संगति हमारे अंदर के दानव को जागृत करती है। सत्संगति मनुष्य एवं समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। सत्संगति मनुष्य को समाज में आदर पात्र बनाती है। सत्संगति मनुष्य के व्यक्तित्व और जीवन को सुंदर तथा प्रगतिशील बना देती है। दुर्जन का साथ पग-पग पर हानि पहुँचाता है।

प्रश्न 10. माताजी की बीमारी की सूचना अपनी बहन को पत्र द्वारा दीजिए। 5

परीक्षा भवन

दिल्ली।

दिनाँक : 5 फरवरी, 2015

प्रिय बहन

मधुर प्यार।

तुम्हारी कुशलता की कामना करते हुए यह पत्र लिखना आरंभ कर रही हूँ।

तुम्हें यह बताना था कि पिछले कुछ दिनों से माता जी की तबियत कुछ ठीक नहीं है। कल दूसरे डाक्टर को दिखाया, तो खून की कमी बताई। डाक्टर के कहे अनुसार इलाज़ शुरु का दिया है।

तुम चिंता न करना। आशा है कि माता जी कुछ दिनों में बिल्कुल ठीक हो जाएँगी।

तुम्हारी बड़ी बहन

मीरा व्यास